केन्द्रीय विद्यालय मन्दसौर
KENDRIYA VIDYALAYA MANDSAUR
शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्त संस्था
AUTONOMOUS BODY UNDER THE MINISTRY OF EDUCATION, GOVT OF INDIA
☎ 07422-297127
E-mail Id : ppl.mandsaur@kvs.gov.in & kvmandsaur@rediffmail.com
Website : https://mandsaur.kvs.ac.in/
K.V. Code : 1120 C.B.S.E Affiliation Code : 1000072 C.B.S.E School Code : 54133
ऋषियानन्द नगर, रेवास देवड़ा रोड, मन्दसौर, पिनकोड - 458001

दिनांक: 22.02.2023

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय विद्यालय मंदसौर के कम्प्यूटर विभाग के अनुपयोगी समान के निस्तारण के लिए मोहर बंद निविदा (Bid) **'सामग्री जहाँ है, जैसी है'** के आधार पर आमंत्रित की जाती है | बोलीदाता बोली हेतु निर्धारित आवेदन पत्र (Bid Form) विद्यालय की वेबसाइट (https://mandsaur.kvs.ac.in) से डाउनलोड कर सकते है | निर्धारित आवेदन पत्र (Bid Form), अनुपयोगी कम्प्युटर एवं प्रिंटर के लिए रु. 1000/- की धरोहर राशि **प्राचार्य, के.वि. मंदसौर** के नाम चेक/डी.डी. के साथ मोहरबंद (seal) कर **रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट** द्वारा **दिनांक 09.03.2023 सायं 4 .00** बजे तक विद्यालय में भेज सकते है | लिफाफे पर "**अनुपयोगी कंप्यूटर एवं प्रिंटर के लिए निविदा**" आवश्यक रूप से लिखें |

मोहर बंद निविदा (Bid) दिनांक 10.03.2023 प्रातः 11:00 बजे, सक्षम अधिकारियो के समक्ष खोली जायेगी | सामान जिस स्थिति में है उसी स्थिति में नीलाम किया जाएगा | सामग्री का निरीक्षण दिनांक 09.03.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय परिसर में आकर किया जा सकता है | नीलामी के दौरान यह मान लिया जाएगा की सामग्री को आपने देख लिया है | विद्यालय कर्मचारी अथवा उनके परिवार के कोई भी सदस्य या सम्बन्धी इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे |

अधोहस्ताक्षरी के पास इस नीलामी को कभी भी निरस्त या स्वीकार करने के सर्वाधिकार सुरक्षित रहेंगे |

नियम और शर्तें

1. बोलीदाता को नीलामी के समस्त नियम और शर्तें मान्य होंगी |
2. सफल बोलीदाता को विद्यालय द्वारा सूचित करने के पश्चात 03 कार्य दिवस भीतर शेष राशि डी.डी./चेक द्वारा विद्यालय में जमा कर नीलामी की सामग्री ले जानी होगी |
3. अगर सफल बोलीदाता उस सामग्री की नीलामी राशि देने में असफल रहता है, तो उनकी धरोहर राशि राजसात कर ली जाएगी, तथा उस वस्तु को अगले सर्वाधिक बोलीदाता को देने की प्रक्रिया की जाएगी |
4. अगर सफल बोलीदाता उस सामग्री को कथित समय में ले जाने में असफल होता है तो उनकी धरोहर राशि राजसात कर ली जाएगी, तथा उस वस्तु को अगले सर्वाधिक बोलीदाता को देने की प्रक्रिया की जाएगी |
5. **असफल बोलीदाता को 05 कार्य दिवस के भीतर डी.डी./चेक डाक द्वारा लौटा दिए जायेंगे | इस हेतु स्वयं का पता लिखा हुआ एवं रु. 41/- का डाक टिकट लगा हुआ लिफाफा भी संलग्न करें ताकि धरोहर राशि लोटायी जा सके |**
6. बोलीदाता को पेन कार्ड, GST पंजीकरण, व्यवसाय पंजीकरण की प्रतिलिपि आवेदन के साथ जमा कराना होगा|
7. नीलामी हो जाने के बाद विद्यालय की किसी भी प्रकार की जवाबदेही नहीं होगी |
8. **सफल बोलीदाता नीलामी सामग्री को उचित तरीके से निपटाने/ निस्तारण के लिए जवाबदेह होगा, इस हेतु प्रमाण पत्र भी देना होगा।**

प्राचार्य / PRINCIPAL
केन्द्रीय विद्यालय / KENDRIYA VIDYALAYA
मंदसौर (म.प्र.) / MANDSAUR (M.P.)
प्राचार्य

सूचनार्थ:

1. विद्यालय सूचना पट्ट
2. विद्यालय वेब साइट https://mandsaur.kvs.ac.in

प्रतिलिपि:

1. श्रीमान अध्यक्ष महोदय, विद्यालय प्रबंधन समिति, केन्द्रीय विद्यालय मंदसौर
2. श्रीमान उपायुक्त महोदय, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल
3. सभी केन्द्रीय विद्यालय भोपाल संभाग

Scanned with OKEN Scanner

केन्द्रीय विद्यालय , मंदसौर

निविदा (बोली) के लिए फॉर्म (अनुपयोगी कम्प्युटर के लिए)

S.No.	Name of article	Quantity	Article wise total quoted amount
1	Desktop Computer System WIPRO (Super genius with P-IV D820 dual core 2.8 Ghz, Intel 945 G, 256 MB RAM, 160 GB Hard Disk, Colour Monitor CRT, 1.44 Floppy Drive.	7	
2	Desktop Computer System HCL INFINITI TRU BL 1240, 512 MB RAM DDR-II, CPU 1C2D E 6300 1.86 GHz , 160 GB 7200 RPM SATA HDD, 43 CM(17) HCL CRT	12	
3	MSP 355 Dual TVS Interface Printer	1	
4	HP Photosmart C7288 All in one printer Fax, Copies, Scanner	1	
		TOTAL	

Total Bid Amount for all above articles/उपर्युक्त सभी सामग्री की कुल बोली राशि

(अंको में) ....

(शब्दों में) ....

चेक लिस्ट:

1. GST पंजीकरण के प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि संलग्न की है | हाँ / नहीं
2. व्यापार पंजीकरण के प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि संलग्न की है | हाँ / नहीं
3. पेन कार्ड की प्रतिलिपि संलग्न की है | हाँ / नहीं
4. रु. 1000/- का डी.डी. संलग्न किया है | हाँ / नहीं
5. रु. 41/- का डाक टिकट के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा संलग्न किया है | हाँ / नहीं

मैंने उक्त नियमों और शर्तो को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और इन्हें पूर्ण तरह से पालन करने के लिए सहमत हूँ |

बोलीदाता का नाम / फर्म : ....

हस्ताक्षर : ....

फर्म की मोहर : ....

दिनांक: : ....

मोबाइल नंबर (व्हाट्सएप नंबर) : ....

ई-मेल आईडी : ....

Scanned with OKEN Scanner